भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3908**
उत्तर देने की तारीख-16/03/2026

**केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पद**

3908. **डॉ. राजेश मिश्रा:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार इन रिक्तियों को भरने के लिए कोई "मिशन मोड" भर्ती अभियान चला रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) मध्य प्रदेश के सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) सीधी मुख्यालय में स्थित केंद्रीय विद्यालयों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में कितनी बजटीय राशि आवंटित की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केविसं और नविस में क्रमशः कुल 8618 (दिनांक 01.01.2026 तक) और 5083 (दिनांक 31.12.2025 तक) शिक्षण पद रिक्त हैं।

(ख) और (ग): नए केन्द्रीय विद्यालय (केवि) और नवोदय विद्यालय (नवि) खोलने, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, कर्मचारियों की पदोन्नति, स्थानांतरण, कर्मचारियों के दूसरे विभाग में ग्रहणाधिकार पर जाने और स्कूलों के उन्नयन के कारण रिक्तियां उत्पन्न होती रहती हैं। रिक्तियों को भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है और केविसं और नविस के संगत भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने के प्रयास किए जाते हैं।

केविसं और नविस द्वारा बाधारहित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी अवधि के लिए शिक्षकों को संविदात्मक आधार पर भी नियुक्त किया जाता है। नियमित शिक्षकों की जल्द से जल्द भर्ती करने का प्रयास किया जाता है ताकि छात्रों का हित प्रभावित न हो। पिछले कुछ वर्षों में केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों द्वारा प्राप्त किए गए लगातार उच्च प्रतिशत परिणाम स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि शैक्षणिक मानकों और छात्रों के प्रदर्शन को विधिवत बनाए रखा जाता है और उनसे समझौता नहीं किया जाता है।

केविसं और नविस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीधी भर्ती के लिए नवंबर, 2025 के महीने में केविसं और नविस द्वारा क्रमशः कुल 8714 और 5045 शिक्षण रिक्तियों को अधिसूचित किया गया है।

(घ): केवि खोलने और चलाने के लिए केविसं को हर साल तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों, अर्थात् वेतन, सामान्य और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन, के अंतर्गत अनुदान सहायता के रूप में बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। केविसं को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/ज़िला-वार धनराशि आवंटित नहीं की जाती है। केविसं को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला/केन्द्रीय विद्यालय-वार निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान केविसं को आवंटित धनराशि 9503.84 करोड़ रुपये है।

*****